वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

वर्ष 2003-04 के लिए निदेशक मण्डल की वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report of the Board of Directors for the Year 2003-04

प्रिय शेयरधारकों

31 मार्च 2004 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलनपत्र और लाभ एवं हानि लेखों के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए निदेशक मण्डल को अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

1. निरंतर लाभार्जन यात्रा

बैंक ने सभी मापदण्डों पर पर्याप्त सुधार दर्ज करते हुए अपनी लाभार्जन यात्रा जारी रखी। वर्ष 2002-03 में रु. 114.19 करोड़ और वर्ष 2001-02 में रु. 11.36 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष में बैंक ने रु. 230.50 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया। इस प्रकार, वर्ष 2003-04 के निवल लाभ में पिछले वर्ष के मुकाबले 101.86% की ठोस वृद्धि दर्ज हुई है। बैंक का सकल लाभ वित्त वर्ष 2002-03 के रु. 493.83 करोड़ से बढ़ कर वित्त वर्ष 2003-04 में रु. 710.59 करोड़ हो गया, जो वर्ष के दौरान 43.89% की वृद्धि दर्शाता है।

बैंक ने 9.48% के पूंजी पर्याप्तता अनुपात का स्तर प्राप्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की, जो वर्ष 2002-03 के 6.02% के स्तर की तुलना में और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 9% के स्तर को पार कर गया है। बैंक ने आस्तियों से प्रतिलाभ (आरओए) के मोर्चे पर भी बढ़ोतरी दर्ज की, जो 0.60% से बढ़ कर 1.11% हो गया। बैंक निवल अग्रिमों की तुलना में निवल गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के अनुपात को भी, जो 31मार्च, 2003 को 11.83% था, 31 मार्च 2004 को घटा कर 9.40% के एकल अंक पर लाने में भी सफल रहा।

बैंक वित्तीय प्रबंधन एवं ग्राहक सेवा में सुधार लाते हुए उत्कृष्टता लाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

2. प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण

2.1 स्थूल आर्थिक परिदृश्य

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2003-04 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 10.40% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त वर्ष 2003-04 की पहली और दूसरी तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि क्रमशः 5.7% और 8.4% रही । पहली तीन तिमाहियों अर्थात् अप्रैल -दिसम्बर, 2003 की संचित वृद्धि पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 4.3% की तुलना में 8.1% होती है।

वित्त वर्ष 2003-04 में सकल घरेलू उत्पाद में दर्ज यह अधिक वृद्धि क्रमशः कृषि में 9.1% की वृद्धि, सेवा क्षेत्र में 8.4% की वृद्धि और उत्पाद क्षेत्र में 6.3 % की वृद्धि दर्ज होने के कारण संभव हुई । सकल घरेलू उत्पाद में हुई अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि अच्छी और व्यापक बरसात, जिसके फलस्वरूप

Dear Shareholders,

The Board of Directors have pleasure in presenting the Annual Report of the Bank together with the Audited Balance Sheet and Profit & Loss Account for the financial year ended March 31, 2004.

1. CONTINUED TURNAROUND JOURNEY

The Bank continued its turnaround journey by recording considerable improvement on all the parameters. The Bank posted a net profit of Rs.230.50 crore for the year ended March 31, 2004 in comparison to Rs.114.19 crore for the year 2002-03 and Rs.11.36 crore for the year 2001-02. Thus, the net profit for the year 2003-04 has registered a substantial increase of 101.86% over the previous year. The gross profit of the Bank rose from Rs.493.83 crore for the financial year 2002-03 to Rs.710.59 crore for the financial year 2003-04, which shows an increase of 43.89% during the year.

The Bank also made a significant turnaround in achieving Capital Adequacy Ratio of 9.48% which has crossed the prescribed level of 9% set by Reserve Bank of India as against 6.02% in the year 2002-03. The Bank also made significant improvement on Return on Assets (ROA) which improved from 0.60% to 1.11%. The Bank was also successful in bringing down the ratio of Net NPA to Net Advances to single digit at 9.40%, as on March 31, 2004, which was 11.83% as on March 31, 2003.

The Bank continues its journey of excellence in business growth by improving financial management and customer service.

2. MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

2.1 Macro-Economic Scenario

As per the estimates of the Central Statistical Organisation (CSO), the GDP has registered a year-on-year growth of 10.40% during the third quarter of financial year 2003-04. The GDP growth during the first and second quarters of the financial year 2003-04 was at 5.7% and 8.4% respectively. The cumulative growth for first three quarters, i.e., April-December, 2003 worked out at 8.1%, as compared to 4.3% during the previous financial year.

The high growth in GDP during the financial year 2003-04 was possible on account of 9.1% growth in agriculture, 8.4% growth in service sector and 6.3% growth in the manufacturing sector. The higher GDP

कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई, औद्योगिक उत्पादन में निरंतर पुनरुत्थान तथा सेवा क्षेत्र अर्थात व्यापार, होटल, रेस्तरां, परिवहन, संचार एवं निर्माण क्षेत्रों आदि में हुई अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि सहित कतिपय अनुकूल कारकों के संगम का परिणाम थी। साधारण मुद्रास्फीति, अपेक्षाकृत अधिक पूंजी अर्न्तप्रवाह, कम ब्याज दरें, अच्छा कार्पोरेट अभिशासन तथा उत्तम पूंजी बाजार की मौजूदगी भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं की दृष्टि से शुभ संकेत हैं।

जहाँ कृष्येतर क्षेत्रों अर्थात् औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रों में स्थिर वृद्धि की प्रवृत्तियां परिलक्षित होती रहीं, वहीं कृषि क्षेत्र में, मुख्यतः उसके कार्य निष्पादन के बरसात पर निर्भर होने के कारण उतार- चढ़ाव की प्रवृत्ति देखने में आई। वर्ष 2003-04 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के पिछले वर्ष के 5.8% के मुकाबले बढ़ कर 7% होने की संभावना है। प्राप्त हो रहे साक्ष्यों से यह पता चलता है कि भारत में विनिर्माण केन्द्र बनने की संभावनाएं निश्चित रूप से विद्यमान हैं।

वर्ष 2003-04 में मुद्रास्फीति सामान्यतः सुसाध्य रहीं। थोक मूल्य सूचकांक से संबन्धित मुद्रास्फीति औसतन 5.3% रही, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति लगभग 3.9% की अपेक्षाकृत कमतर दर पर रही।

2.2 मौद्रिक एवं साख नीति

29 अप्रैल, 2003 को घोषित वित्त वर्ष 2003-04 के भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक मौद्रिक एवं साख नीति वक्तव्य के अनुसार मौद्रिक नीति में साख वृद्धि का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उपयुक्त चल निधि उपलब्ध कराए जाने और अर्थव्यवस्था में निवेश की मांग को समर्थन प्रदान किए जाने तथा स्थूल आर्थिक स्थिरता के ढांचे के भीतर कम और लचीले ब्याज दर परिवेश को वरीयता देने की वर्तमान नीति को भी जारी रखने पर बल दिया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 3 नबम्बर, 2003 को वर्ष 2003-04 की मौद्रिक एवं साख नीति की मध्यावधिक समीक्षा जारी की। वर्ष 2003-04 की पहली छमाही में मौद्रिक प्रबंधन व्यापक तौर पर वर्ष 2003-04 के वार्षिक मौद्रिक एवं साख नीति वक्तव्य में घोषित मौद्रिक नीति के उद्देश्यों के अनुरूप था। साख की कम मांग के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियों में निरंतर वृद्धि के कारण वर्ष की पहली छमाही में अतिरिक्त चल निधि की स्थिति पैदा हो गई और भारतीय रिजर्व बैंक को मुक्त बाजार परिचालनों (ओएमओ) के माध्यम से तथा चल निधि समायोजन सुविधा के माध्यम से चल निधि का सक्रियता से प्रबंधन करना पड़ा, ताकि स्थिर ब्याज दर परिवेश को बनाए रखा जा सके। एलएएफ रेपो दर को 25 अगस्त, 2003 से 5.0% से घटा कर 4.5% कर दिया गया।

वित्त वर्ष 2003-04 की वार्षिक मौद्रिक एवं साख नीति में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए मौद्रिक उपायों में 30 अप्रैल, 2003 से बैंक दर में 0.25% की कमी अर्थात् उसे 6.25% से घटा कर 6.00% किये जाने तथा प्रारक्षित नकदी अनुपात में और

growth was triggered by confluence of several favorable factors including, good and widespread monsoon leading to increase in agricultural production, continued recovery in industrial production and higher growth in service sector i.e. trade, hotel, restaurant, transport, communication and construction etc. A combination of moderate inflation, higher capital inflows, soft interest rates, good corporate performance and healthy capital markets augur well for the prospects of the Indian economy.

While non-agricultural sectors i.e. industry and service sectors have been exhibiting a stable growth trend, the agricultural sector has witnessed fluctuations mainly because its performance depends on monsoon. Index of Industrial Production (IIP) is estimated to be up by 7% during 2003-04 as against 5.8% in previous year. The emerging evidences indicate that India does have the potential of becoming a manufacturing hub.

Inflation has generally been benign during 2003-04. The wholesale price index (WPI) inflation has been around an average of 5.3% while CPI based inflation was lower at about 3.9%.

2.2 Monetary & Credit Policy

The stance of monetary policy as per Annual Monetary & Credit Policy Statement of Reserve Bank of India for financial year 2003-04 announced on April 29, 2003, was to provide adequate liquidity to meet credit growth and to support investment demand in the economy and also to continue with the present stance of preference for a soft and flexible interest rate environment within the framework of macro economic stability.

Reserve Bank of India released the mid-term review of Monetary and Credit Policy for the Year 2003-04 on November 03, 2003. The monetary management in the first half of 2003-04 was largely in conformity with the monetary policy stance announced in the annual Monetary & Credit Policy statement for 2003-04. The steady increase in net foreign currency assets of RBI, coupled with subdued credit demand created a situation of excess liquidity in the first half of the year and RBI had to manage liquidity actively through open market operations (OMO) and through the liquidity adjustment facility (LAF) in order to maintain a stable interest rate environment. The LAF repo rate was reduced from 5.0% to 4.5% on August 25,2003.

In the Annual Monetary and Credit Policy for financial year 2003-04, the monetary measures taken by RBI included reduction in Bank Rate by 0.25% points i.e.

वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

कमी किए जाने अर्थात् 14 जून, 2003 से उसे 4.75% से घटा कर 4.50% किए जाने का समावेश था। हालांकि वर्ष 2003 -04 की मौद्रिक एवं साख नीति की मध्यावधिक समीक्षा में भारतीय रिजर्व बैंक ने उन दोनों ही, अर्थात् बैंक दर और प्रारक्षित नकदी अनुपात को अपरिवर्तित रखा।

अप्रैल 2003 में घोषित वार्षिक मौद्रिक एवं साख नीति वक्तव्य में भारतीय रिजर्व बैंक नें बैंकों को निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम मूल उधार दरों का निर्धारण करने की सलाह दी थीः- (1). निधियों की वास्तविक लागत (2) परिचालनगत व्यय (3) प्रावधानीकरण / पूंजी प्रभार एवं लाभ मार्जिन की विनियामक आवश्यकताएं पूरी करने के लिए न्यूनतम मार्जिन। अन्य उधार दरों का निर्धारण इस न्यूनतम मूल उधार दर के संदर्भ में किया जा सकता है । हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि बैंकों को अलग-अलग समयों वाले सावधि प्रीमिया एवं प्रासंगिक लेन-देन लागतों के आधार पर अपने ऋण उत्पादों का मूल्य-निर्धारण करने की स्वतंत्रता है। बैंक पारदर्शी विधि से बाजार की न्यूनतम दरों का उपयोग करते हुए उत्पादों का अस्थायी दर पर मूल्य नियतन कर सकते हैं। तदनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंक ने 01 जनवरी, 2004 से अपनी न्यूनतम मूल उधार दर 11.00 प्रतिशत नियत की है।

साख सुपुर्दगी व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक एवं साख नीति की मध्यावधिक समीक्षा में बैंकों को लघु उद्योग इकाइयों के मामलें में संपार्श्विक आवश्यकता से छूट पाने के लिए (निदेशक मण्डल के अनुमोदन से) ऋण सीमा को रु. 15.00 लाख से बढ़ा कर रु. 25.00 लाख करने की अनुमति दे दी है। बैंकों द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को लघु उद्योग क्षेत्र को पुनः उधार देने के प्रयोजन से मंजूर किए गए सभी नये ऋणों को भी प्राथमिकता क्षेत्र उधार के तहत दिया गया उधार माना जाएगा।

कृषि ऋण सुपुर्दगी व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए अल्पकालिक एवं मध्यकालिक उपाय सुझाने के लिए एक सलाहकार समिति के गठन का प्रस्ताव किया है। इसी प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक कपूर समिति और गुप्ता समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का आकलन करने के लिए तथा लघु उद्योग क्षेत्र को ऋण प्रवाह में वृद्धि करने के तौर-तरीके सुझाने के लिए एक कार्यबल गठित करना चाहता है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 27 दिसम्बर, 2003 से आरंभ होने वाले पखवाड़े से गैर-बैंकिंग सहभागियों को किसी एक रिपोर्टिंग पखवाड़े में 2000-01 में मांग/ सूचना मुद्रा बाजार में अपने औसत दैनिक उधारों के औसतन 60% तक उधार देने की अनुमति दे दी है।

कार्पोरेट कंपनियों द्वारा अप्रतिरक्षित विदेशी मुद्रा उधारों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने यह निर्णय लिया कि बैंकों द्वारा 10 मिलियन अमेरिकी डालर से अधिक के सभी विदेशी मुद्रा ऋण निदेशक मण्डल द्वारा सुनिर्धारित नीति

from 6.25% to 6.00% w.e.f. from April 30, 2003 and further reduction in Cash Reserve Ratio from 4.75% to 4.50% w.e.f. June 14, 2003. However, in the mid-term review of Monetary and Credit Policy for the year 2003-04, RBI kept both, the Bank Rate and the Cash Reserve Ratio as unchanged.

In the Annual Monetary and Credit Policy Statement announced in April, 2003, RBI had advised the banks to fix Benchmark Prime Lending Rates taking into consideration (i) actual cost of funds, (ii) operating expenses and (iii) a minimum margin to cover regulatory requirements of provisioning, capital charge and profit margin. The other lending rates can be determined with reference to this benchmark PLR. However, it is clarified by RBI that banks have the freedom to price their loan products based on time-varying term premia and relevant transaction costs. The banks may price floating rate products by using market benchmarks in a transparent manner. Accordingly, in line with RBI guidelines, the Bank has fixed its Benchmark Prime Lending Rate at 11.00% with effect from January 01, 2004.

In order to improve the credit delivery mechanism, RBI in its mid-term review of Monetary and Credit Policy has allowed the banks to increase the loan limit in case of SSI Units, from Rs.15.00 lakhs to Rs.25.00 lakhs (with the approval of the Board) for dispensation of collateral requirement. All the new loans granted by banks to NBFCs for the purpose of on-lending to SSI sector would also be reckoned under priority sector lending.

In order to improve the agricultural credit delivery mechanism, RBI proposed to set up an Advisory Committee to suggest short-term and medium-term measures to enhance credit flow to agricultural sector. Similarly, RBI proposed to constitute a Working Group to assess the progress made in implementation of Kapur Committee and Gupta Committee recommendations and to suggest ways to improve credit flow to SSI sector.

Reserve Bank of India has allowed non-bank participants w.e.f. the fortnight beginning December 27, 2003 to lend, on an average in a reporting fortnight, upto 60% of their average daily lending in call/notice money market during 2000-01.

In order to restrict unhedged foreign currency borrowings by corporates, RBI decided that all foreign currency loans by banks above US $10

के आधार पर ही प्रदान किए जा सकते हैं, ताकि कुछ मामलों को छोड़ कर प्रतिरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि समस्त निर्यातकों को भरपूर नम्यता प्रदान करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी निर्यातकों को इस बात की अनुमति प्रदान की है कि वे 01 जनवरी, 2004 से प्राप्य निर्यात राशियों के बकाये को स्वयं ही बट्टे खाते डाल सकते हैं और वसूली की सामान्य अवधि को स्वयं अपनी पहल पर 180 दिनों से अधिक के लिए बढ़ा भी सकते हैं, बशर्ते कि इस प्रकार बट्टे डाली गई राशि का समग्र मूल्य और उसकी वसूली में हुई देरी किसी कैलेण्डर वर्ष में उनके निर्यात आगमों के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

सरकारी प्रतिभूति बाजार को सुदृढ़ता प्रदान करने के कार्य को सहज बनाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने खरीद के लिए पहले से ही संविदाकृत सरकारी प्रतिभूति की बिक्री की अनुमति प्रदान की, बशर्ते कि इस प्रकार की क्रय संविदा या तो भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) जैसी किसी अनुमोदित केन्द्रीय काउण्टर-पार्टी द्वारा गारंटीकृत हो या फिर उसकी काउण्टर-पार्टी भारतीय रिजर्व बैंक स्वयं ही हो।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि वर्ष 2004-05 की मौद्रिक एवं साख नीति अप्रैल, 2004 के बजाय 18 मई, 2004 को घोषित की जाएगी। मौद्रिक एवं साख नीति को ''वार्षिक नीतिगत वक्तव्य'' के रूप में पुर्ननामित किया गया है, क्योंकि मौद्रिक उपायों को काफी लम्बे समय से नीति से असम्बद्ध कर दिया गया है और पिछले कुछ वर्षो में घोषित उपाय साख एवं वित्तीय सुधारों से सम्बन्धित रहे हैं।

2.3 बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

वर्ष के दौरान मुद्रा बाजार में अत्यधिक तरलता विद्यमान रही। भारत सरकार की 10 वर्षीय प्रतिभूति पर 5.15% की दर से आय (पिछले वर्ष में 6.19%) अपेक्षाकृत कमतर रही। एम 3 द्वारा 24 पखवाड़ों में 15.8% की अधिक वृद्धि प्रदर्शित हुई। वाणिज्यिक क्षेत्र को औसत बैंक ऋण (बाँडों एवं ऋणपत्रों में निवेश को मिलाकर) रु. 1,17,000 करोड़ था जोकि पिछले वर्ष से 15.1% अधिक था।

गैर-खाद्य ऋण में रिपोर्टिंग के अंतिम शुक्रवार तक रु. 1,19,684 करोड़ की बढ़ोत्तरी हुई । पिछले वर्ष यह स्तर रु. 1,43,992 करोड़ था, जो आईसीआईसीआई के आईसीआईसीआई बैंक में विलयन के कारण था। बैंक ऋण की मांग में यह वृद्धि मुख्यतः सीमेंट, लोहा एवं इस्पात, परिवहन उपकरणों, कपड़ा, रसायन एवं बिजली जैसे विनिर्माण उद्योगों जैसे क्षेत्रों से हुई। आवास, आटो ऋण तथा उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं हेतु ऋणों के मामलें में ऋण उठाव अधिक रहा। वर्ष के दौरान, रिपोर्टिंग के अंतिम शुक्रवार तक रु. 13,518 करोड़ की कमी आई। समीक्षाधीन वर्ष में सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से ऋण में लगभग 75% की भारी गिरावट आई, जिसके स्थान पर बैंकिंग प्रणाली द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद में 25.3% की वृद्धि हुई ।

वर्ष के दौरान, 19 मार्च 2004 तक समग्र जमाराशियों में रु.

million, can be extended only on the basis of a well laid out policy of the Board to ensure hedging except in some cases. However, for providing full flexibility to all exporters, RBI permitted all exporters that w.e.f January 01, 2004 they may write off outstanding export dues on their own and may also extend the normal period of realisation beyond 180 days, provided the aggregate value of such write-off and delay in realisation does not exceed 10% of their export proceeds in a calendar year.

For facilitating deepening of the government securities market, RBI permitted the sale of a government security, already contracted for purchase, provided such purchase contract was either guaranteed by an approved central counter-party like CCIL or the counter-party thereof was RBI itself.

The RBI has stated that Monitory and Credit Policy for 2004-05 would be announced on 18 May, 2004 instead of April, 2004. The Monitory and Credit Policy has been renamed as "Annual Policy Statement" as Monetary measures have long since been de-linked from the policy, and the measures announced during the past few years were relating to credit and financial reforms.

2.3 Banking Industry Trends

The money market continued to be very liquid during the year. Yield on 10 year GOI security was lower at 5.15% (6.19% in previous year). M3 showed a 24 fortnight high of 15.8% increase. Average bank credit to commercial sector (including investment in bonds & debentures) was around Rs. 1,17,000 crore, increased by 15.1% over previous year.

Non food credit expanded by Rs. 1,19,684 crore by the last reporting Friday. The figure for previous year was Rs. 1,43,992 crore which was high due to the merger of ICICI with ICICI Bank. The increase in demand for banks' credit was mainly from sectors like manufacturing industries like cement, iron and steel, transport equipment, textiles, chemicals and power. Credit pickup was high in case of housing, auto loans and loans for consumer durables. Food credit decreased by Rs 13,518 crore during the year up to the last reporting Friday. The year also witnessed a steep fall of about 75% in RBI credit to Government which was replaced by purchase of government securities by banking system, up by 25.3%.

Aggregate deposits increased by Rs 2,21,078 crore

वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

2,21,078 करोड़ की वृद्धि हुई, जो हाल के किसी भी वर्ष में सर्वाधिक वृद्धि है। मांग जमाराशियों में पिछले वर्ष दर्ज केवल 15% (रु. 17,241 करोड़) की वृद्धि की तुलना में 31% (रु. 51,660 करोड़) की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज हुई। वर्ष में सावधि जमाराशियों में रु. 1,69,417 करोड़ की वृद्धि हुई।

इस तथ्य के फलस्वरूप कि रेपो दर मांग दरों से अपेक्षाकृत कुछ अधिक है, रेपो बोली का आकार रु. 10 लाख करोड़ का स्तर पार कर गया। जैसा कि पहले कहा गया है रेपो दर को 5% से घटा कर 4.5% कर दिया गया। भारित औसत मांग मुद्रा दरें 4.3% से लेकर 4.4% (पिछले वर्ष में 6.38%) के अत्यंत क्षीण स्तर पर आ गईं । खजाना बिलों से आय मिश्रित प्रवृत्तियों के फलस्वरूप विविध नीलामियों में 4.20% से 4.37% के बीच रही।

ब्याज दर ढांचे में अधोमुखी प्रवृत्ति रही। बैंकों की मूल उधार दर 10.25% से 11% तक (पिछले वर्ष 10.75% से 11.50% तक) के स्तर पर रही, जबकि जमा दरें 5% से 5.5% के बीच रहीं, जो पिछले वर्ष की 5.25% से 6.25% तक की दरों के मुकाबले कम रहीं। वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में निजी क्षेत्र के बैंकों की अपेक्षाकृत कमतर ब्याज दरों में अधिक कमी आई।

उपर्युक्त परिदृश्य के फलस्वरूप समीक्षाधीन अवधि में चल निधि की स्थिति सहज बनी रही। बैंकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में निधियों के अभिनियोजन में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति परिलक्षित हुई, क्योंकि ऋण उठाव की गति निधि संग्रहण के अनुरूप नहीं रही।

बैंक खुदरा (रिटेल) ऋण को बढ़ाने की दिशा में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहे हैं, जो विशेषतः आवासीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हैं। हालांकि इस क्षेत्र में गहन प्रतिस्पर्धा के कारण, बैंकों ने अपनी ऋण गुणवत्ता पर पड़ने वाले किसी भी प्रकार के प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए अपनी जोखिम आकलन तकनीकों को और भी प्रभावी बनाने की आवश्यकता महसूस की है।

उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में प्रतिभूति प्रवर्तन कानून की संवैधानिक वैधता को मान्य कर लिया है, जो बैंकों को चूककर्ताओं की प्रतिभूति आस्तियों को अपने कब्जे में लेने और बेच देने में समर्थ बनाता है, जबकि उधारदाता के विरुद्ध उधारकर्ता के अपील करने के अधिकार को बनाए रखता है। जहाँ उधारकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह ऋण वसूली अधिकरण में जाए, वहीं बैंक इस दिशा में आगे की कार्रवाई कर सकता है। इससें बैंकों को गैर-निष्पादक आस्तियों के विरुद्ध छेड़े गए अपने संग्राम में प्रोत्साहन प्राप्त होने की आशा है।

तत्काल सकल भुगतान प्रणाली (आरटीजीएस) 26 मार्च, 2004 से परिचालनरत क र दी गई। फिलहाल, उक्त प्रणाली केवल अंतर बैंक लेन-देन हेतु कार्य करेगी, जबकि ग्राहक से सम्बन्धित लेन-देन कुछ समय बाद संपादित किए जाएंगे।

during the year, till March 19, 2004, the highest in any of the recent years. Demand Deposits recorded the highest growth at 31% (Rs 51,660 crore) in comparison to only 15% (Rs 17,241 crore) during previous year. Time deposits increased by Rs 1,69,417 crore during the year.

The fact that REPO rate was marginally higher than call rates resulted in size of REPO bid size crossing Rs 10 lakh crore mark. As stated earlier, REPO rate reduced from 5% to 4.5%. Weighted average call money rates moved in a very narrow band of 4.3% to 4.4% (6.38% in previous year). Yield on treasury bills moved with mixed trend between 4.20% and 4.37% in various auctions.

The interest rate structure shifted downward. Banks' PLR was in the range of 10.25% to 11% (from 10.75% to 11.50% in previous year) while deposit rates were in the range of 5% - 5.5%, down from 5.25% - 6.25% in previous year. Low end interest rates of private sector banks reduced during the year more than that of public sector banks.

As a result of above scenario, the liquidity during the period under review remained comfortable. The deployment of funds by banks into government securities showed an increasing trends as credit off-take was not keeping pace with funds mobilization.

The banks are aggressively driving for retail credit that has grown significantly, particularly in the housing sector. However, because of intense competition in this sector, the banks have felt a need to sharpen their risk assessment techniques to guard against any adverse impact on their credit quality.

The Supreme Court recently upheld the constitutional validity of the Security Enforcement Law, which enables banks to take over and dispose-of secured assets of defaulters, while also retaining the borrowers' right to appeal against the lender. While the borrower will have the right to move the Debt Recovery Tribunal (DRT), the banks can go ahead and sell the assets if the DRT does not issue a stay order. This is expected to provide a stimulus to the banks in their war against non-performing assets.

The Real Time Gross Settlement (RTGS) system was put in live operation from March 26, 2004. For the time being the system would enable only inter-bank transaction while the customer related transactions would be enabled in due course. All other eligible Banks / Primary Dealers will join the

वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

अन्य सभी पात्र बैंक/प्राथमिक व्यापारी उक्त प्रणाली से चरणबद्ध रूप से जुड़ेंगे।

3. समीक्षाधीन वर्ष में बैंक का कार्य-निष्पादन

3.1 कुल कारोबार संमिश्र

वित्त वर्ष 2003-04 के दौरान बैंक ने रु. 28,000 करोड़ से अधिक के कारोबार संमिश्र का स्तर प्राप्त कर लिया। बैंक का कुल कारोबार संमिश्र 31 मार्च, 2003 के रु. 25,540.18 करोड़ की तुलना में बढ़ कर 31 मार्च, 2004 को रु. 28,360.63 करोड़ के स्तर तक पहुँच गया।

बैंक की जमाराशियां 31मार्च, 2003 के रु.16,491.26 करोड़ के स्तर से बढ़ कर 31 मार्च, 2004 को रु. 18,349.18 करोड हो गई । इस प्रकार उनमें पिछले वर्ष के स्तर की तुलना में 11.27% की वृद्धि दर्ज हुई।

बैंक के सकल अग्रिम 31 मार्च, 2003 के रु..9048.92 करोड़ की तुलना में बढ़ कर 31 मार्च, 2004 को रु. 10011.45 करोड़ हो गए। इनमें 10.64% की वृद्धि परिलक्षित हुई।

विगत तीन वर्षों में बैंक के कुल कारोबार संमिश्र का विन्यास इस प्रकार दर्शाया है :

(रुपये करोड़ में)

	2001-02	2002-03	2003-04
कुल जमाराशियां	15,355	16, 491	18,349
कुल अग्रिम	8,278	9,049	10,011
कुल कारोबार संमिश्र	23,633	25,540	28360

3.2 जमाराशियों में अभिवृद्धि

बैंक की कुल जमाराशियां (अन्तर बैंक जमाराशियों को छोड़ कर) 11.1% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2003 के रु.15,944.49 करोड़ की तुलना में 31मार्च, 2004 को रु.17,700.03 करोड़ हो गईं । कुल जमाराशियों का संयोजन निम्नानुसार है :

system in a phased manner.

3. PERFORMANCE OF THE BANK DURING 2003-04

3.1 Total Business Mix

During the financial year 2003-04, the Bank achieved a Business Mix of over Rs 28,000 crore. The total Business Mix of the Bank has increased to Rs 28,360.63 crore as on March 31, 2004 as compared to the business mix of Rs 25,540.18 crore as on March 31, 2003.

The deposits of the Bank have grown to Rs 18,349.18 crore as on March 31, 2004 from a level of Rs 16,491.26 crore as on March 31, 2003, registering a growth of 11.27% over the previous year's levels.

The total gross advances of the Bank have increased to Rs 10,011.45 crore as on March 31, 2004 as compared to Rs 9,048.92 crore as on March 31, 2003, indicating an increase of 10.64%.

The composition of total business mix of the Bank for the last three years is shown as under:

(Rupees in crore)

	2001-02	2002-03	2003-04
Total Deposits	15,355	16,491	18,349
Total Advances	8,278	9,049	10,011
Total Business Mix	23,633	25,540	28,360

3.2 Deposit Accretion

The aggregate deposits of the Bank (excluding inter-bank deposits) stood at Rs 17,700.03 crore as on March 31, 2004 as compared to Rs 15,944.49 crore as on March 31, 2003 registering an increase of 11.01%. The composition of Aggregate Deposits is as under:



वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

कुल जमाराशियां (अन्तर बैंक जमाराशियों को छोड़ कर)

जमा श्रेणी	रुपये करोड़	31 मार्च, 2003 कुल जमाराशियों में उनका (%)	(करोड़ रुपयों में)	31मार्च, 2004 कुल जमाराशियों में उनका (%)
चालू	1655.41	10.38 %	1883.66	10.64%
बचत	4854.15	30.45 %	5680.48	32.09%
सावधि	9434.93	59.17 %	10135.89	57.27%
कुल जमाराशियां	15944.49	100.00 %	17700.03	100.00%

कुल जमाराशियों में अल्प-लागत जमाराशियों का अंश 31 मार्च, 2003 के दिन 40.83% की तुलना में 31 मार्च, 2004 के दिन 191 आधार बिन्दुओं से सुधर कर 42.73% हो गया है ।

बैंक द्वारा अधिक लागत वाली जमाराशियों को कम करने के सम्बन्ध में लिए गए सजग निर्णय के साथ-साथ अल्प लागत वाली जमाराशियों के अंश में वृद्धि करने हेतु किए गए सघन प्रयासों से बैंक को अपनी जमाराशियों की लागत को और कम करने में मदद मिली है । जमाराशियों की औसत लागत वित्तीय वर्ष 2001-02 तथा 2002-03 की क्रमशः 7.23% तथा 6.65% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान और अधिक घट कर 5.78% रह गई ।

3.3 साख प्रबन्धन

वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक के सकल अग्रिमों में रु.962.53 करोड़ अर्थात् 10.64% की वृद्धि हुई। इस प्रकार वे 31 मार्च, 2003 के दिन रु. 9,048.92 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2004 के दिन रु. 10011.45 करोड़ हो गए। पिछले वर्ष के दौरान यह वृद्धि दर 9.32% थी। इसी प्रकार बैंक के निवल अग्रिम 31 मार्च, 2003 के दिन रु.8,435.60 करोड़ से बढ़ कर 31 मार्च, 2004 के दिन रु. 9,411.79 करोड़ हो गए, यानि इनमें 11.57% की वृद्धि दर्ज हुई। मार्च, 2004 को

Aggregate Deposits (excluding Inter-Bank Deposits)

Deposit Category	As on March 31, 2003 (Rupees in crores)	% to Total Deposits	As on March 31, 2004 (Rupees in crores)	% to Total Deposits
Current	1,655.41	10.38%	1,883.66	10.64%
Saving	4,854.15	30.45%	5,680.48	32.09%
Term	9,434.93	59.17%	10,135.89	57.27%
Aggregate Deposits	15,944.49	100.00%	17,700.03	100.00%

The share of low cost deposits to aggregate deposits has improved by 191 basis points to 42.73% as on March 31, 2004 as compared to 40.83% as on March 31, 2003.

The aggressive efforts to increase the share of low-cost deposits coupled with the conscious decision taken by the Bank to shed high-cost deposits have helped the Bank to further bring down its cost of deposits. The average cost of deposits has further been reduced to 5.78% during the financial year 2003-04 against the average cost of deposits of 6.65% during the financial year 2002-03 and 7.23% during the financial year 2001-2002 respectively.

3.3 Credit Dispensation

The gross advances of the Bank have increased by Rs 962.53 crore or 10.64% during the financial year i.e. from Rs 9,048.92 crore as on March 31, 2003 to Rs 10,011.45 crore as on March 31, 2004. The growth rate during the previous year was 9.32%. Likewise the net advances of the Bank have increased from Rs 8,435.60 crore as on March 31, 2003 to Rs 9,411.79 crore as on March 31, 2004 i.e. an increase of 11.57%. The advances to priority sector constituted 44.65%





वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

समाप्त वर्ष के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के दिन निवल बैंक साख में प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों का हिस्सा 44.65% था, जो 40% के निर्धारित न्यूनतम लक्ष्य से काफी अधिक है ।

निरंतर घटते ब्याज -दर परिदृश्य तथा गुणवत्तापरक साख के लिए सघन प्रतिस्पर्धा के दबाव ने साख के मूल्य निर्धारण पर दबाव डालने का कार्य किया, जिसके फलस्वरूप ऋणों एवं अग्रिमों की ब्याज दरों में अधोमुखी संशोधन करना पड़ा। इसके फलस्वरूप 2003-04 में अग्रिमों से होने वाला औसत प्रतिलाभ वित्त वर्ष 2002-03 के 10.43% की तुलना में 8.94% रहा ।

3.4 निवेश सम्बन्धी परिचालन

बैंक का सकल निवेश 31 मार्च, 2003 के रु.8.584.57 करोड़ से बढ़ कर 31 मार्च, 2004 को रु. 9.771.15 करोड़ हो गया। इस प्रकार इनमें समीक्षाधीन अवधि के दौरान 13.82% की वृद्धि दर्ज हुई। सांविधिक चल निधि अनुपात (एसएलआर) सम्बन्धी निवेश का अंश भी बैंक के कुल निवेशों में 77.98% रहा, जबकि गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात संबंधी निवेश का अंश बैंक के कुल निवेश का 22.02 % था।

ब्याज दरों में गिरावट के परिदृश्य के कारण वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों के मूल्य में वृद्धि की प्रवृत्ति जारी रही और बैंक वर्ष 2002-03 के रु. 240.06 करोड़ की तुलना में वर्ष 2003-04 में प्रतिभूतियों की बिक्री से रु.441.30 करोड़ का लाभ हासिल करने में सफल रहा ।

निवेशों की बिक्री से लाभ सहित निवेशगत औसत आय 31 मार्च, 2003 को समाप्त वर्ष के 13.04% की तुलना में 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष में मामूली रूप से बढ़ कर 13.66% थी।

4. आय/ व्यय का विश्लेषण

घटते ब्याज दर परिदृश्य में बैंक वित्त वर्ष 2003-04 के दौरान निवल ब्याजगत आय में पिछले वर्ष के रु..568.11 करोड़ की तुलना में केवल 4.25% की सामान्य वृद्धि ही दर्ज करने में सफल रहा । यह आय पिछले वर्ष के रु.568.11 करोड़ के मुकाबले रु.592.27 करोड़ थी । ब्याज अंतर में कमी वर्ष 2002-03 के 2.96% की तुलना में वर्ष 2003-04 में 2.84% रही ।

बैंक की ब्याजगत आय वर्ष 2002-03 की रु. 1,772.30 करोड़ की तुलना में वर्ष 2003-04 में रु. 1735.48 रही, जो 2.08% की सामान्य कमी दर्शाती है। खर्च ब्याज की रकम वर्ष 2002-03 के रु. 1,204.19 करोड़ से घट कर वर्ष 2003-04 में रु. 1,143.21 करोड़ हो गई, जिसमें 5.06 प्रतिशत की कमी परिलक्षित होती है।

बैंक की गैर ब्याजगत आय में 41.28% की प्रभावशाली वृद्धि हुई। इस प्रकार वर्ष 2002-03 के रु.437.00 करोड़ की तुलना में वह वर्ष 2003-04 में रु.617.41 करोड़ के स्तर तक पहुँच गई।

बैंक के परिचालनगत व्यय वर्ष 2002-03 के रु. 511.28 करोड़ से घट कर वर्ष 2003-04 में रु.499.09 करोड़ हो गए

of net bank credit as on the last reporting Friday of the year ended March 2004, which is well above the prescribed minimum of 40%.

Falling interest rate scenario and the pressure of intense competition for quality credit acted as pressure on pricing for credit, leading to downward revision in interest rates for loans and advances. As a result, the average yield on advances for the financial year 2003-04 was 8.94% in comparison to 10.43% for the financial year 2002-03.

3.4 Investment Operations

The gross investments of the Bank have increased from Rs. 8,584.57 crore as at March 31, 2003 to Rs. 9,771.15 crore as at March 31, 2004, thereby registering an increase of 13.82%. The SLR investments constituted 77.98% of the total investments of the Bank while Non-SLR Investment constituted 22.02% of total Investment of the Bank.

Due to falling interest rate scenario, the trends of appreciation in the price of securities continued during the year and the Bank was able to book a profit of Rs. 441.30 crore on sale of securities during the financial year 2003-04 as against Rs. 240.06 crore during the financial year 2002-03.

The average yield on investment, including profit on sale of investments was marginally higher at 13.66% for the year ended March 31, 2004, as against 13.04% for the year ended March 31, 2003.

4. ANALYSIS OF INCOME / EXPENSES

In the falling interest rate scenario, the Bank was able to record only a moderate growth of 4.25% in net interest income of the Bank during the financial year 2003-04, over the previous year i.e. from Rs 568.11 crore to Rs 592.27 crore. Interest spread has declined from 2.96% for the year 2002-03 to 2.84% for the year 2003-04.

The Interest Income of the Bank amounted to Rs. 1,735.48 crore for the year 2003-04 against Rs. 1,772.30 crore for the year 2002-03, showing a marginal decline of 2.08%. The amount of interest expended has declined to Rs. 1,143.21 crore for the year 2003-04 from Rs. 1,204.19 crore for the year 2002-03, showing a reduction of 5.06%.

The non-interest income of the Bank has registered an impressive growth of 41.28%, thereby reaching a level of Rs 617.41 crore for the year 2003-04, as against Rs 437.00 crore for the year 2002-03.

The operating expenses of the Bank reduced by Rs 12.19 crore from Rs 511.28 crore for the year 2002-

वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

इस प्रकार इनमें रु. 12.19 करोड़ अर्थात् 2.38% की कमी दर्ज की गई।

बैंक की कुल आय 6.50% की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वर्ष के रु.2,209.30 करोड़ से बढ़ कर वर्ष 2003-04 के दौरान रु 2,352.89 करोड़ हो गई। बैंक के कुल व्यय 4.27% की कमी दर्ज करते हुए वर्ष 2002-03 के रु.1,715.47 करोड़ की तुलना में घट कर वर्ष 2003-04 में रु.1,642.30 करोड़ हो गए।

वर्ष 2002-03 की तुलना में वर्ष 2003-04 के बैंक के वित्तीय कार्य निष्पादन का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

(करोड़ रुपयों में)

क्रम संख्या	विवरण	2002-03	2003-04
1	ब्याजगत आय	1,772.30	1735.48
2	ब्याजगत व्यय	1,204.19	1143.21
3	निवल ब्याजगत आय	568.11	592.27
4	गैर ब्याजगत आय	437.00	617.41
5	परिचालनगत व्यय	511.28	499.09
6	परिचालनगत लाभ	493.83	710.59
7	प्रावधान एवं आकस्मिकताए	379.64	480.09
8	निवल लाभ	114.19	230.50

परिचालनगत लाभ तथा निवल लाभ में वृद्धि के फलस्वरूप किसी बैंक के वित्तीय कार्य निष्पादन को आंकने हेतु प्रयुक्त होने वाले अनुपातों में पर्याप्त वृद्धि हुई है, जैसा कि निम्नलिखित से सिद्ध होता हैः

क्र. सं.	विवरण	2002-03	2003-04
1.	कार्यशील पूंजी की तुलना में परिचालनगत लाभ का प्रतिशत	2.57%	3.41%
2.	आस्तियों पर प्रतिफल	0.60%	1.11%

03 to Rs 499.09 crore for the year 2003-04, i.e. a reduction of 2.38%.

The total income of the Bank has increased to Rs. 2,352.89 crore during the year 2003-04 from Rs. 2,209.30 crore in the previous year, recording an increase of 6.50%. The total expenditure of the Bank at Rs 1,642.30 crore for the year 2003-2004, registered a decrease of 4.27% in comparison to Rs 1,715.47 crore for the year 2002-2003.

A brief comparison of the financial performance of the Bank during 2003-04 with that of 2002-03 is given hereunder:

(Rupees in crore)

Sr. No.	Particulars	2002-03	2003-04
1	Interest Income	1,772.30	1,735.48
2	Interest Expended	1,204.19	1,143.21
3	Net Interest Income	568.11	592.27
4	Non-Interest Income	437.00	617.41
5	Operating Expenses	511.28	499.09
6	Operating Profit	493.83	710.59
7	Provisions & Contingencies	379.64	480.09
8	Net Profit	114.19	230.50

As a result of increase in Operating Profit and Net profit, there has been a considerable improvement in ratios used to evaluate financial performance of a Bank as is evident from the following:

Sr. No.	Particulars	2002-03	2003-04
1	Operating Profit as a percentage to Working Funds	2.57%	3.41%
2	Return on Assets	0.60%	1.11%





वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

5. उत्पादकता अनुपात

प्रति कर्मचारी कारोबार संमिश्र 31 मार्च,2003 के रु.2.42 करोड़ से और अधिक सुधर कर 31 मार्च, 2004 को रु. 2.74 करोड़ तक पहुंच गया है। प्रति शाखा कारोबार भी 31 मार्च 2003 के रु. 22.50 करोड़ से बढ़ कर 31 मार्च, 2004 को रु.26.96 करोड़ पहुँच गया है।

प्रति कर्मचारी निवल लाभ वित्तीय वर्ष 2002-03 के रु. 1.08 लाख से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 2003-04 में रु. 2.23 लाख हो गया हैं। प्रति शाखा निवल लाभ भी 1055 शाखाओं के आधार पर वित्तीय वर्ष 2002-03 के रु. 10.82 लाख से बढ़ कर 1052 शाखाओं के आधार पर रु. 21.91 लाख हो गया है।

6. पूंजी पर्याप्तता अनुपात

आलोच्य अवधि के दौरान बैंक ने पूंजी पर्याप्तता अनुपात में बढ़ोत्तरी करने हेतु कई उपाय किए है। रु.150.00 करोड़ के द्विस्तरीय बाडों के नए इश्यू के साथ लाभप्रदता में पर्याप्त सुधार ने भा.रि. बैंक द्वारा निर्धारित 9% के न्यूनतम लक्ष्य स्तर को हासिल करने में बैंक की मदद की। बैंक के सीआरएआर का स्तर 31 मार्च, 2003 के 6.02% की तुलना में 31 मार्च, 2004 को 9.48% तक पहुँच गया।

बैंक की प्रथम स्तरीय पूंजी में रु. 212.56 करोड़ की और द्विस्तरीय पूंजी में रु.139.17 करोड़ की वृद्धि हुई है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात की गणना करने के प्रयोजन हेतु बैंक की कुल पात्र पूंजी 31 मार्च, 2003 के दिन रु.554.31 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2004 के दिन रु. 906.04 करोड़ थी। बैंक की जोखिम भारित आस्तियां 31 मार्च, 2003 के दिन रु.9213.53 करोड़ की तुलना में 31 मार्च , 2004 के दिन बढ़ कर रु. 9552.34 करोड़ हो गई हैं।

7. लाभांश

संचित हानियों और बैंक के पूंजीगत आधार को मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2004 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कोई लाभांश घोषित नहीं किया हे।

5. PRODUCTIVITY RATIOS

The Business Mix Per Employee has further improved from Rs 2.42 crore as on March 31, 2003 to Rs 2.74 crore as on March 31, 2004 which is one of the highest in the Banking Industry. The Business Per Branch has also improved from Rs 22.50 crore as on March 31, 2003 to Rs 26.96 crore as on March 31, 2004.

The net profit per employee has increased from Rs 1.08 lakhs for financial year 2002-03 to Rs 2.23 lakhs for financial year 2003-04. The net profit per Branch has also increased from Rs 10.82 lakhs on the basis of 1055 Branches in the financial year 2002-03 to Rs 21.91 lakhs in the financial year 2003-04 on the basis of 1,052 Branches.

6. CAPITAL ADEQUACY RATIO

During the year under review, the Bank has taken various measures to increase the Capital Adequacy Ratio. The significant improvement in profitability coupled with new Issue of Tier-II Bonds of Rs 150.00 crore helped the Bank to achieve the benchmark level of 9% fixed by RBI. The CRAR of the Bank stood at 9.48% as at 31st March 2004, as compared to 6.02% as on March 31, 2003.

The Tier-I Capital of the Bank has increased by Rs 212.56 crore and Tier-II capital by Rs 139.17 crore. The total eligible capital of the Bank, for the purpose of calculating capital adequacy ratio, was Rs 906.04 crore as on March 31, 2004 in comparison of Rs 554.31 crore as on March 31, 2003. The risk-weighted assets of the Bank have also increased to Rs 9552.34 crore as on March 31, 2004, against Rs 9213.53 crore as on March 31, 2003.

7. DIVIDEND

In view of the accumulated losses and the need to further strengthen the capital base of the Bank, the Board of Directors have decided not to declare any dividend for the financial year ended March 31, 2004.





वर्ष 2003-04 के लिए निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT 2003-04

8 प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमः

बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों को प्रमुखता देने के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखा और वर्ष के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में 9.56% की वृद्धि की साक्षी है। इस प्रकार, ये मार्च, 2003 के अंतिम रिर्पोटिंग शुक्रवार के दिन रु.3837.60 करोड़ से बढ़ कर मार्च, 2004 के अंतिम रिर्पोटिंग शुक्रवार के दिन रु 4204.33 करोड़ हो गए। बैंक की निवल साख में प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिम का अंश 44.65% है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 40% के लक्ष्य से बहुत अधिक है।

8.1 कृषि अग्रिम

कृषि क्षेत्र के अग्रिमों - प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही में रू. 268.42 करोड़ की वृद्धि हुई और वे पिछले वर्ष के रू. 1475.21 करोड़ के स्तर की तुलना में मार्च, 2004 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के दिन रू. 1743.63 करोड़ हो गए। निवल बैंक साख में कृषि अग्रिम 18.52% हैं। विशेष कृषि साख योजना (एसएसीपी) के तहत बैंक ने अपने लक्ष्य को पार करते हुए 103.80 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है।

8.2 लघु उद्योगों को अग्रिम

लघु उद्योगों के अग्रिम विगत वर्ष के रू. 1377.45 करोड़ के स्तर की तुलना में मार्च, 2004 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के दिन रू. 1317.51 करोड़ के स्तर तक पहुंच गए। मार्च, 2004 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के दिन निवल बैंक साख में लघु उद्योगों के अग्रिमों का अंश 13.99 प्रतिशत है। यद्यपि, बैंक की सभी शाखाएं लघु उद्योगों का वित्तपोषण कर रही हैं, फिर भी 47 विशेषीकृत लघु उद्योग शाखाओं के जरिए उद्यमियों की साख जरूरतों को पूरा करने के लिए ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।

बैंक ने लघु उद्यमियों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए अपनी वेबसाइट पर लघु उद्योग चार्टर उपलब्ध कराया है।

8.3 देना किसान क्रेडिट कार्ड (डीकेसीसी)

देना बैंक सन् 1989 से ही किसान समुदाय के लिए क्रेडिट कार्ड की संकल्पना को साकार करने में अग्रणी रहा है। बैंक ने किसानों के लिए अपनी पूर्व किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम में संशोधन किए हैं और योजना में कई ग्राहकोपयोगी बातों को समाविष्ट करके उसे किसान समुदाय के लिए अधिक सरल, स्वीकार्य और उपयोगी बनाया है। नई योजना का नाम "देना किसान क्रेडिट कार्ड (डीकेसीसी)" है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2003-04 तक 14025 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आवंटित लक्ष्य के समक्ष 116.87% की उपलब्धि दर्शाता है। 31.3.2004 को बैंक में डीकेसीसी के 61098 बकाया खाते थे, जिनमें रु. 226.20 करोड़ की राशि बकाया है। बैंक ने देना किसान क्रेडिट कार्ड हिताधिकारियों के लिए पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर की शुरूआत भी की है और इसका प्रीमियम 2:1 के अनुपात में बैंक और हिताधिकारी के द्वारा वहन किया जाना होता है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार

8 Advances to Priority Sectors

The Bank continued its commitment toward priority sector, as is evident from an increase of 9.56% during the year, thereby increasing from the level of Rs. 3,837.60 crore, as of the last reporting Friday of March 2003 to Rs.4,204.33 crore as on last reporting Friday of March 2004. The priority sector advances constituted 44.65% of the bank's net credit, which is well over the benchmark of 40% prescribed by Reserve Bank of India.

8. 1 Agricultural Advances

The advances to agriculture sector both direct and indirect have increased by Rs.268.42 crore and stood at Rs.1,743.63 crore as on last reporting Friday of March 2004, as compared to preceding year level of Rs. 1,475.21 crore. The agricultural advances constituted 18.52% of net bank credit. Under the Special Agriculture Credit Plan (SACP), the Bank has exceeded the target as its achievement stood at 103.80%

8.2 Advances to Small Scale Industries

The advances to small scale industries (SSIs) stood at a level of Rs 1,317.51 crore as on the last reporting Friday of March 2004 from the previous year's level of Rs.1,377.45 crore. The proportion of advances to SSI sector constituted 13.99% of the net bank credit, as on the last reporting Friday of March 2004. Although, all the branches of the Bank are extending finance to SSI, the focussed attention is being given to fulfill credit needs of the entrepreneurs through 47 specialized SSI Branches.

The Bank has hosted an SSI Charter on its website for creating awareness among SSI entrepreneurs.

8.3 Dena Kisan Credit Card (DKCC)

The Bank was the pioneer in introducing the concept of Credit Cards for farmers way back in I989. The Bank has modified its earlier Agricultural Credit Card Scheme for farmers by incorporating various customer-friendly features to make the scheme more simple, acceptable and useful to farmers. The new scheme is named Dena Kisan Credit Card (DKCC). The Bank has issued as many as 14,025 Dena Kisan Credit Cards during the financial year 2003-04 signifying 116.87% achievement of the target allotted by RBI. As on March 31, 2004 the Bank had 61,098 outstanding accounts of DKCC with an aggregate outstanding amount of Rs 226.20 crore. The Bank has also introduced personal accident insurance cover for DKCC beneficiaries, with the premium to be shared by the Bank and beneficiary in the ratio of 2:1.

It is noteworthy that all the eligible borrowers have

31 मार्च 2004 को देना किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बैंक द्वारा सभी पात्र उधारकर्ताओं को शामिल कर लिया गया है।

8.4 सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं

बैंक गरीबी उन्मूलन और स्वरोजगार के सृजन करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास कर रहा है। वर्ष 2003-04 के दौरान बैंक ने प्रधानमंत्री रोजगार योजना (पीएमआरवाई) के तहत 3346 हिताधिकारियों को रू. 20.47 करोड़ के ऋण स्वीकृत किये हैं और स्वर्ण जंयती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) के तहत भी 2882 हिताधिकारियों को रू. 10.54 करोड़ के ऋण प्रदान किये।

8.5 सूक्ष्म वित्तपोषण

चूंकि स्व सहायता समूह महिलाओं और समाज क़े कमजोर वर्गों को साख प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर रहे हैं, बैंक स्व सहायता समूहों के माध्यम से वित्तपोषण संयोजन का संवर्द्धन करता रहा है। वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान 1603 नए स्व सहायता समूहों का गठन किया गया।

31.3.04 तक बैंक वित्त से संबद्ध स्व सहायता समूहों की संख्या 2062 थी तथा कुल वित्तीय सहायता की राशि रु.12.98 करोड़ रही।

नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2003-04 के दौरान स्व सहायता समूह बैंक संबद्ध कार्यक्रम के तहत गुजरात राज्य में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए वाणिज्यिक बैंकों की श्रेणी में प्रथम स्थान आने पर हमारे बैंक को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

8.6 अग्रणी बैंक योजना

बैंक कुल 13 जिलों में अग्रणी बैंक का दायित्व संभालता है। इन 13 जिलों में से 7 जिले गुजरात राज्य में, 05 जिले छत्तीसगढ़ राज्य में और एक संघ शासित क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली में स्थित है। गुजरात राज्य और संघ शासित क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली में बैंक की व्यापक उपस्थिति को देखते हुए वह राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति का संयोजक भी है।

8.7 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

बैंक ने चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रायोजित किए हैं जिनमें से 3 गुजरात में और एक छत्तीसगढ़ में स्थित है। आलोच्य अवधि के दौरान सभी चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको ने निवल लाभ अर्जित किया है और सभी चारों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल निवल लाभ रू. 16.94 करोड़ (गैर लेखा परीक्षित) था।

8.8 खुदरा बैंकिंग उत्पाद

जन साधारण की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से, बैंक ने देना निवास सहित 8 विभिन्न खुदरा बैंकिंग उत्पादों को लोकप्रिय बनाने पर ध्यान देना जारी रखा। आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक ने इसके लिए रु. 364.45 करोड़ के नये ऋण जारी किए। खुदरा बैंकिंग उत्पादों के तहत 31 मार्च, 2004 been covered by the Bank under DKCC scheme as on March 31, 2004 in line with RBI guidelines.

8.4 Government Sponsored Schemes

The Bank is making earnest efforts to implement government sponsored schemes aimed at eradication of poverty and for generating self-employment. During the year 2003-04, the Bank has sanctioned loans to 3,346 beneficiaries under the Prime Minister's Rozgar Yojana (PMRY) amounting to Rs. 20.47 crore and also granted loans to 2,882 beneficiaries under Swarnjayanti Gram Swaroagar Yojana (SGSY) to the tune of Rs.10.54 crore.

8.5 Micro Financing

Since Self Help Groups (SHGs) have emerged as an important tool for extending credit to the women and weaker sections of the society, the Bank has been promoting linkage of finance with SHGs. During the financial year 2003-04, 1603 new SHGs were formed.

The total number of SHGs linked with Bank finance stood at 2,062 with an aggregate financial assistance of Rs.12.98 crore as on March 31, 2004.

The Bank has been awarded the certificate of having secured first position in commercial Bank category in the state of Gujarat for outstanding performance under SHG-Bank Linkage programme during 2002-03 by NABARD.

8.6 Lead Bank Scheme

The Bank has Lead Bank responsibility in total 13 districts, of which 7 districts are located in Gujarat state, 5 districts in Chhattisgarh state and one in Union Territory of Dadra and Nagar Haveli. The Bank is also the Convenor of State Level Bankers' Committee for the State of Gujarat, and Union Territory of Dadra and Nagar Haveli in view of its larger presence in these areas.

8.7 Regional Rural Banks

The Bank has sponsored four Regional Rural Banks (RRBs), out of which three are in Gujarat and one is in Chhattisgarh. During the financial year under review, all the four RRBs have earned net profit. The aggregate net profit of the four RRBs amounted to Rs. 16.94 crore (unaudited).

8.8 Retail Banking Products

With a view to cater the needs of the common man, the Bank continued to focus on popularizing a variety of 8 retail banking products including Dena Niwas. During the year under review, the Bank extended fresh credit in this area to the extent of Rs.364.45 crore. As on March 31, 2004, number of borrowal accounts

तक उधार खातों की संख्या 45648 थी जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 27.74% अधिक है। बकाया खुदरा ऋण में रु. 250.48 करोड़ की वृद्धि हुई और वह रु. 719.08 रही। इसमें 53.45% की प्रभावशाली वृद्धि परिलक्षित होती है।

''देना निवास'' को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और ग्राहकोपयोगी बनाने के उद्देश्य से योजना में कई संशोधन किये गए हैं।समीक्षाधीन वर्ष 2002-03 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित रू. 36.00 करोड़ की तुलना में बैंक ने रू. 273.47 करोड़ का नया संवितरण किया है जो 759.64 प्रतिशत उपलब्धि दर्शाता है।

9. अन्तरराष्ट्रीय बैंकिंग

बैंक के निवल निर्यात ऋण 31 मार्च, 2003 को रू. 949.92 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2004 को रू. 951.12 करोड़ थे।

कुल व्यापारी विदेशी मुद्रा कारोबार पण्यावर्त 31 मार्च 2003 के दिन रु. 6673.41 करोड़ से वित्तीय वर्ष 2003-04 के दौरान 38.74% बढ़ कर 31 मार्च 2004 को रु. 9258.50 करोड़ तक पहुंच गया और इसमें से निर्यात पण्यावर्त 29.79 प्रतिशत बढ़ कर रु. 4614.36 करोड़ का हो गया।

विदेशी विनिमय कारोबार (विनिमय, कमीशन तथा निवेश पर ब्याज) पर सकल आय वित्त वर्ष 2002-03 के रु. 48.97 करोड़ से वर्ष 2003-04 के दौरान रु. 4.20 करोड़ से बढ़कर रु. 53.17 करोड़ हो गई।

